अग्रवाल महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा व गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 16-06-2022 से जिला रेड क्रास सोसायटी फरीदाबाद के सहयोग से महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की इकाइयों द्वारा पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं ग्रह परिचर्या शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। यह शिविर दिनांक 20-06-2022 तक चलेगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में महाविद्यालय के 50 स्वयंसेवकों ने पंजीकरण करवाया है। इस शिविर के तीसरे दिन आज दिनांक 18-06-2022 को रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व सेंट जॉन एम्बुलेंस फरीदाबाद के प्रशिक्षक श्री. दर्शन भाटिया जी ने कार्डियो पल्मोनरी रिसस्टिकेशन (CPR) तथा चोकिंग यानी सांस की नली में कुछ फंसना की समस्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मरीज या घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए सीपीआर एक बहुत महवपूर्ण तरीका है। इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले पाने जैसी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। गत दो दिनों में स्वयंसेवकों ने जलने, कटने, सांप, बंदर व बिच्छु के काटने, हड्डियों के टूटने पर क्या प्राथमिक उपचार किया जाए के बारे में सीखा। इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से स्वयंसेवकों में राष्ट्रसेवा व आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है । शिविर में रैड़ क्रॉस के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, द्वितीय इकाई के काऊंसलर श्री सुभाष व तृतीय इकाई के काऊंसलर श्री लवकेश व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के कोऑर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र , मैडम प्रिया व पूजा उपस्थित थे ।